देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 154 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार-प्रवाह...धरती पर जीवन से जुड़ी चिंता

# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 18 सितंबर 2020





मौसम — अधिकतम 31.0⁰ न्यूनतम 22.0⁰

38144.57

2 चीन से एशिया में जंग का खतरा

7 अश्विन ने आईपीएल से कमाया नाम

## संक्षिप्त समाचार

### रकुलप्रीत सिंह की याचिका पर कोर्ट ने दिए मीडिया चैनलों को अंतरिम निर्देश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुबंई। बॉलिवुड ऐक्ट्रेस रकुलप्रीत सिंह ने गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर कहा था कि ड्रग केस में एनसीबी की जांच के दौरान कथित तौर पर उनका नाम सारा अली खान और सिमोन खंबाटा के साथ आने के बाद मीडिया ट्रायल किया जा रहा है जिस पर रोक लगनी चाहिए। इसके बाद कोर्ट ने सुनवाई में कहा गया, ऐसी उम्मीद की जाती है कि रकुलप्रीत से संबंधित किसी भी रिपोर्ट को बनाने में मीडिया संयम दिखाएंगे और प्रोग्राम कोड व अन्य दिशा निर्देशों का पालन करें।

### आडवाणी, जोशी, कल्याण सबको दोषमुक्त कर खत्म करें मामला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
अयोध्या। अयोध्या में विवादित ढांचा गिराए जाने के मामले में फैसले से दो सप्ताह पहले बाबरी मस्जिद केस के मुद्दई इकबाल अंसारी ने सीबीआई की स्पेशल कोर्ट से सभी आरोपियों को दोषमुक्त करार देने की अपील की है। अंसारी ने लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, कल्याण सिंह सहित सभी 48 आरोपियों को निर्दोष ठहराने की अपील करते हुए इस पूरे मामले को समाप्त करने का अनुरोध किया है।

### दो दिन में दो एमपी को कोरोना वायरस ने छीना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। राज्यसभा सांसद और कर्नाटक बीजेपी के नेता अशोक गास्ती का गुरुवार को बेंगलुरु में निधन हो गया। उनकी कोरोना वायरस रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद उनके 2 सितंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बता दें कि कर्नाटक पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्य करने वाले भाजपा नेता अशोक गास्ती ने इस साल 22 जुलाई को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ली थी। वहीं, इस पहले बुधवार को आंध्र प्रदेश में तिरुपति के लोकसभासांसद बल्ली दुर्गा प्रसाद राव का चेन्नई के अपोलो अस्पताल में निधन हो गया था।

# एलएसी को नहीं मानता चीन

## संसद से चीन को चेतावनी- नहीं सुधरा तो उठाएंगे कड़े कदम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■देश का मस्तक किसी भी कीमत पर झुकने देंगेः रक्षामंत्री

नई दिल्ली। बृहस्पतिवार को संसद के मानसून सत्र का चौथा दिन था। कोरोना के खतरे को देखते हुए संसद में कई व्यवस्थाएं की गई हैं। एलएसी पर चीन के साथ जारी तनाव को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज राज्यसभा में बयान दिया। राजनाथ सिंह ने चीन को सख्त लहजे में कहा है कि अगर एलएसी पर तनाव रहा तो दोनों देशों के रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि न तो हम देश का मस्तक किसी भी कीमत पर झुकने देंगे और न ही हम किसी का मस्तक झुकाना चाहते हैं। उधर, संसद में चीर पर चर्चा के लिए कांग्रेस अड़ी हुई है। हालांकि, सरकार संवेदनशीलता को देखते हुए बहस के पक्ष में नहीं है।

**चीन की कथनी और करनी में फर्कः** राज्यसभा में रक्षा मंत्री ने कहा कि शांति बहाल करने के लिए कई समझौते किए गए, लेकिन चीन औपचारिक सीमाओं को नहीं मानता। बॉर्डर पर अगर तनाव जारी रहेगा तो द्विपक्षीय रिश्तों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। चीन की कथनी और करनी में फर्क है। चीन ने यथास्थिति को बदलने की कोशिश की। हमारी सेनाओं के चीन के मंसूबों को विफल कर दिया और उसे भारी नुकसान पहुंचाया।

राज्यसभा में रक्षा मंत्री ने कहा कि 15 जून को कर्नल संतोष बाबू ने अपने 19 बहादुर सैनिकों के साथ भारत की अखंडता को बचाने के उद्देश्य से गलवान घाटी में सर्वोच्च बलिदान दिया। हमारे पीएम खुद सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए लद्दाख गए।

**भारत चीन तनाव के मुद्दे पर सपा का अहम बयानः** सपा नेता व यूपी के आजमगढ़ से सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि चीन के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी का रुख स्पष्ट है। भाजपा को उस गलती को नहीं दोहरना चाहिए जो कांग्रेस ने की थी।

**शिवसेना का केंद्र सरकार पर बड़ा आरोपः** महाराष्ट्र में बढ़ रहे कोरोना के मामले पर शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र को केंद्र से 25,000 करोड़ रुपये का बकाया है, जो केंद्र देने को तैयार नहीं है। ऐसे में हम (महाराष्ट्र सरकार) कोरोना के खिलाफ कैसे लड़ेगे।

**क्या वो भाभी जी पापड़ खाकर ठीक हुएः राउत** कोरोना वायरस पर चर्चा के दौरान राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा कि मैं सदन के सदस्यों से पूछना चाहता हूं कि कोरोना से अब तक जो लोग ठीक हुए हैं क्या वो भाभी जी पापड़ खाकर ठीक हुए हैं। ये राजनीतिक लड़ाई नहीं है, ये लोगों की जिंदगी बचाने की लड़ाई है। मेरी मां और मेरा भाई कोविड–19 से संक्रमित हैं।

### चीन से निपटने के लिए सेना सक्षम

राज्यसभा में गृहमंत्री ने कहा कि हम लद्दाख में एक चुनौती के दौर से गुजर रहे हैं लेकिन साथ ही मुझे भरोसा है कि हमारा देश और हमारे वीर जवान इस चुनौती पर खरे उतरेंगे। मैं इस सदन से अनुरोध करता हूं कि हम एक ध्वनि से अपनी सेनाओं की बहादुरी और उनके अदम्य साहस के प्रति सम्मान प्रदर्शित करें। इस सदन से दिया गया, एकता व पूर्ण विश्वास का संदेश, पूरे देश और पूरे विश्व में गूंजेगा, और हमारे जवान जो कि चीनी सेनाओं से आंख से आंख मिलाकर अडिग खड़े हैं, उनमें एक नए मनोबल, ऊर्जा व उत्साह का संचार होगा।

### लोकसभा अध्यक्ष ने पीएम को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पीएम मोदी के जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। सदन की कार्यवाही के दौरान उन्होंने कहा कि मैं पीएम मोदी के अच्छे स्वास्थ्य, लंबे जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं और वह देश की सेवा में ऐसे ही काम करते रहें।

# 2021 की शुरुआत तक कोरोना वैक्सीन की उम्मीद

## टेस्टिंग में हम जल्द ही अमेरिका को पछाड़ देंगेः डॉ हर्षवर्धन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। हेल्थ मिनिस्टर डॉ. हर्षवर्धन सिंह ने आज राज्यसभा में कोरोना वायरस पर सरकार के हर कदम की जानकारी दी। हेल्थ मिनिस्टर ने देश को भरोसा देते हुए कहा कि अगले साल के शुरूआत तक भारत को वैक्सीन मिल जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने कहा कि बीते कुछ महीने से राज्य और केंद्र की सरकार कोरोना के खिलाफ जंग लड़ रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में पूरा देश मिलकर कोरोना की लड़ाई को लड़ रहा है। 135 करोड़ के इस देश में हम रोजाना 11 लाख टेस्ट कर रहे हैं। हमसे ज्यादा कुल 5 करोड़ टेस्ट अभी तक अमेरिका ने किए हैं। हम जल्द ही अमेरिका को टेस्टिंग के मामले में पीछे छोड़ देंगे।

राज्यसभा में स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने कहा कि भारत अन्य देशों की तरह ही प्रयास कर रहा है। पीएम के मार्गदर्शन में एक विशेषज्ञों का एक समूह इसे देख रहा है और हमारे पास आगे के लिए बेहतर योजनाएं हैं। हमें उम्मीद है कि अगले साल की शुरुआत में भारत में वैक्सीन उपलब्ध होगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने सदन को कोरोना संक्रमण के मामलों में देश की स्थिति और इससे लड़ने के लिए सरकार की रणनीति की जानकारी देते हुए बताया कि देश महामारी से मरने वालों की संख्या कम है और इसके प्रसार को रोकने के लिए उठाए गये कदम सफल हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश में 13 राज्यों में कोरोना के सबसे ज्यादा मामले हैं लेकिन दुनिया के अन्य देशों की तुलना में यहां स्थिति ज्यादा बेहतर है। कोरोना के कारण ज्यादातर मामले और मौतें महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, असम, केरल,पश्चिम बंगाल, बिहार, तेलंगाना, ओडिशा और गुजरात से हैं।सरकार के प्रयास से कोरोना संक्रमण पर रोक लगी है। कोरोना संक्रमितों के मामले भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर है।

### राज्यसभा से दिलाया देश को भरोसा

डॉ हर्षवर्धन ने जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना मामले में सरकार ने बिल्कुल भी देर नहीं की। उन्होंने कहा कि 7 तारीख को WHO ने कोरोना वायरस का जिक्र किया और हमने 8 जनवरी से बैठकें शुरू कर दी. इतिहास इस बात को लेकर पीएम मोदी को याद करेगा कि कैसे लगातार 8 महीने तक उन्होंने कोरोना को लेकर हर एक्शन पर नजर रखी। उन्होंने सबकी सलाह ली।

# कश्मीर में आतंक के खिलाफ जारी है ऑपरेशन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन आतंकी मारे गए हैं। मुठभेड़ श्रीनगर के बटमालू इलाके में चल रही थी। यह मुठभेड़ वीरवार तड़के 3 बजकर 50 मिनट पर शुरू हुई। आइजीपी कश्मीर विजय कुमार ने तीन आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि मारे गए तीनों आतंकी स्थानीय थे और उनकी पहचान कर ली गई है। क्रास फायरिंग में स्थानीय 45 वर्षीय महिला की भी मौत हुई है। इसके अलावा सीआरपीएफ की 117 बटालियन के डिप्टी कमांडेंट राहुल कुमार इस दौरान घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए 92 बेस अस्पताल भर्ती कराया गया है।

जम्मू–कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह ने बताया कि आज श्रीनगर में हुए मुठभेड़ में तीन आतंकी मारे गए। दुख की बात ये है कि इस मुठभेड़ में हमारे CRPF के एक डिप्टी कमांडेंट घायल हुए और साथ ही इसमें एक सिविलियन की जान भी गई। अभी तक इस साल के दौरान श्रीनगर शहर में 7 कामयाब ऑपरेशन किए जा चुके हैं। दिलबाग सिंह ने बताया कि इस सात ऑपरेशनों में 16 आतंकवादियों को मारा गया है। इस साल कुल 72 ऑपरेशन में 177 आतंकवादी को मारा गया। इसमें बड़ी तादाद विदेशी आतंकवादी की है जिसका संबंध पाकिस्तान से है इसमें 22 आतंकवादी जो मारे गए हैं वो पाकिस्तान से जुड़े हुए हैं।

कश्मीर जोन पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने बटमालू के फिरदौसाबाद इलाके में देर रात करीब ढाई बजे घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की जिसके बाद तलाशी अभियान मुठभेड़ में तब्दील हो गया।

### मुठभेड़

3 आतंकी ढेर, एक महिला की भी मौत, सीआरपीएफ अधिकारी घायल


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# कोरोना के नए मामलों का बन रहा रेकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में कोविड–19 संक्रमण के नए मामलों का रेकॉर्ड बन रहा है। कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित देशों में अमेरिका के बाद भारत दूसरे स्थान पर है। भारत में कोरोना केसों का आंकड़ा अब 51 लाख के पार हो गया है। वहीं, अब तक कोरोना की वजह से लगभग 83,198 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

### भारत में कोरोना केसों का आंकड़ा अब 51 लाख के पार

उत्तर प्रदेश में एक दिन में कोरोना संक्रमण के 6029 नए मामले रिपोर्ट हुए और 81 लोगों की मौत हो गई। राज्य में अब तक 4771 मौतें हो चुकी हैं और कुल 3,36,294 मामले सामने आ चुके हैं। कोरोना संक्रमण की वजह से देश में अबतक 83,198 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। ये आंकड़ें स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार ने दिए हैं।

भारत में अबतक कोरोना के 51,18,254 नए मामले सामने आ चुके हैं जिनमें 10,09,976 ऐक्टिव केस हैं जबकि 40,25,080 लोग कोरोना फ्री हो चुके हैं। भारत में कोरोना संक्रमण के मामले 51 लाख के पार हुए। बीते 24 घंटे में 97,894 नए मामले सामने आए और 1132 लोगों की मौत हुई।